
# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**




सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते विद्यार्थी।

## छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति

**संवाददाता** देहरादून। दिल्ली पब्लिक स्कूल देहरादून में देश का 71 (इकहत्तर)वाँ गणतंत्र दिवस पूरी धूम–धाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों की प्रभात–फेरी के साथ ही देशभक्ति के गीतों और नारों के बीच विद्यालय के प्रधानाचार्य बीके सिंह ने विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित छात्रों और अध्यापकों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। इसके बाद बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिसमें एकता गीत, समूह गान, नृत्य आदि के साथ ही बच्चों ने अपने विचारों को भाषण के रूप में भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अपने उद्‌बोधन भाषण में प्रधानाचार्य ने कहा कि यह समय पूरे विश्व में बदलाव का समय है।
इस गणतंत्र दिवस पर हमें यह तय करना होगा कि हम कैसा बदलाव अपने समाज में चाहते हैं, एक सकारात्मक ऊर्जा भरा बदलाव या फिर नकारात्मकता वाला बदलाव। हमें एक अध्यापक होने के नाते अपने छात्रों को यह भी बताना होगा कि भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, और इसके प्रति हमारे अपने कुछ कर्तव्य हैं।

## एसिड अटैक से युवक गंभीर रूप से घायल

**संवाददाता** रानीखेत। अल्मोड़ा के रानीखेत में फिल्म छपाक की कहानी एक बार फिर से हकीकत में देखने को मिली। फर्क सिर्फ इतना था कि इस बार ये एसिड अटैक किसी लड़की पर नहीं बल्कि एक लड़के के ऊपर किया गया है। गोविंदपुर के रणखिला गांव में एक व्यक्ति ने एक युवक पर एसिड अटैक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय रानीखेत में भर्ती किया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हल्द्वानी सुशीला तिवारी हॉस्पिटल रेफर कर दिया है।
मिली जानकारी के अनुसार गोविंदपुर रणखिला गांव का युवा प्रमोद कुमार अपने घर वापस लौट रहा था। तभी दुर्गा राम ने उस पर एसिड अटैक कर दिया। जिससे प्रमोद का चेहरा, पीठ व शरीर झुलस गया। जिसके बाद उसे उपचार के लिए रानीखेत चिकित्सालय में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हल्द्वानी सुशीला तिवारी हॉस्पिटल रेफर कर दिया। राजस्व पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि दुर्गा राम की पुत्री ने प्रमोद कुमार के बड़े भाई से प्रेम विवाह किया था। जिससे नाराज दुर्गा राम ने प्रमोद पर एसिड अटैक कर दिया।

# रक्तदान में उत्तराखण्ड के लोग आगे हैः मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने 71 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में ध्वजारोहण किया

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने 71 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों, कार्मिकों एवं पुलिस के जवानों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने सभी प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राज्य की सुख–समृद्धि की कामना की। संविधान निर्मात्री समिति, स्वतंत्रा आन्दोलन में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले एवं देश की एकता एवं अखण्डता के लिए कार्य करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने उनको श्रद्धांजलि दी।
इसके उपरान्त मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण किया। मुख्यमंत्री ने परेड



ग्राउण्ड देहरादून में गणतंत्र दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने पाँच वयोवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों से भेंट कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग द्वारा सरकार की तीन साल की उपलब्धियों पर लगाई गई फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।
मुख्यमंत्री ने रविवार को राजपुर रोड स्थित, वन मुख्यालय में वन विभाग द्वारा आयोजित वृहद रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान में उत्तराखण्ड के लोग आगे हैं। औसतन जितने रक्तदान की आवश्यकता है जागरूकता के परिणामस्वरूप उससे अधिक रक्तदान उत्तराखण्ड में हो रहा है।

### भारत का संविधान दुनिया के गौरवशाली संविधानः सीएस

देहरादून। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह द्वारा सचिवालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए सिंह ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया के गौरवशाली संविधान के रूप में माना जाता है। उन्होंने इस गौरवशाली संविधान द्वारा बताये गये मार्ग पर दृढ़ता से अडिग रहने व अनुपालन करते रहने के लिए समस्त नागरिकों की सराहना की। मुख्य सचिव ने संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि उस समय मुश्किल परिस्थितियों में संविधान के निर्माताओं ने गौरवशाली संविधान का निर्माण किया।

## न्यूज डायरी

### लापता हुए दो साल के बच्चे का शव बरामद

**संवाददाता** काशीपुर। ऊधमसिंहनगर में काशीपुर से लापता हुए दो साल के बच्चे का शव सोमवार की सुबह बरामद हुआ। रविवार को लापता हुए दो साल के बच्चे का शव ढकिया गुलाबो में एक खाली पड़े भूखंड में पानी में पड़ा मिला। बच्चे की हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ढकिया गुलाबो निवासी मान सिंह का दो साल के बेटा अंश अपने बड़े भाई राघव के साथ घर से निकला था। उसके बाद उसका कोई पता नहीं लगा। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम देर रात तक आसपास के क्षेत्रों में बच्चे को खोजती रही। लेकिन कुछ पता नहीं चला। आज सुबह करीब आठ बजे आसपास के लोगों ने एक भूखंड में भरे पानी में बच्चे का शव पड़ा देखा। और पुलिस को सूचना दी। बच्चे का पिता का नाम मोहन सिंह है। मां किशनकली मजदूरी कर अपने परिवार का भरण–पोषण करती है।

### रेलवे क्रासिंग पर दो लाश मिलने से सनसनी

**संवाददाता** रुद्रपुर। रुद्रपुर में रेलवे क्रॅासिंग पर दो लाश मिलने से हड़कंप मच गया। यहां सड़क हादसे में दो युवकों की मौत होने की खबर भी है। मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतकों के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार रुद्रपुर में रेलवे क्रॉसिंग पर दो लाश मिलने से हड़कंप मच गया। यहां सड़क हादसे में दो युवकों की मौत होने की खबर भी है। मृतकों की पहचान राजीव निवासी रम्पुरा और मनोज कुमार निवासी असगोली द्वाराहाट के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों देर रात वहां घूमते देखे गए थे। कोतवाल केसी भट्ट ने बताया कि संभवतः दोनों बाघ एक्सप्रेस की चपेट में आए थे। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### द हैबिटैट्स ट्रस्ट ग्रांट्स ने आवेदन मंगाए

**संवाददाता** देहरादून। प्राकृतिक पर्यावरण एवं घरेलू प्रजातियों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए काम करने वाले द हैबिटैट्स ट्रस्ट ने आज घोषणा की कि हैबिटैट्स ट्रस्ट ग्रांट्स 2020 के लिए इसका आवेदन पोर्टल 23 जनवरी से 29 फरवरी, 2020 के बीच खुला रहेगा। द हैबिटैट्स ट्रस्ट ग्रांट की स्थापना 2018 में उन लोगों व संस्थानों को सम्मानित व सहयोग करने के लिए की गई थी, जो संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रहे हैं। भारत की जैव विविधता का संरक्षण करने के लिए काम करने वाला कोई भी संगठन अपनी विशेष श्रेणियों में ग्रांट के लिए आवेदन कर सकता है, जिनमें स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप ग्रांटय कम ज्ञात हैबिटैट्स ग्रांट और कम ज्ञात प्रजाति अनुदान की श्रेणियां शामिल हैं। द कंजर्वेशन हीरो ग्रांट के लिए आवेदन वो लोग कर सकते हैं, जो भारत की विलुप्तप्राय एवं नाजुक जैव विविधता तथा प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं।

## वन वे प्लान का तमाशा आखिर कब तक

### नए यातायात वन वे प्लान के चक्कर में परेशान हो रहे है लोग

देहरादून। **संवाददाता**

राजधानी दून की सड़कों पर इन दिनों जिस नये वनवे ट्रैफिक प्लान का ट्रायल किया जा रहा है उसे आम आदमी के लिए समझ पाना मुश्किल ही नहीं असंभव होता जा रहा है। कब उसे कहां से जाना है और कब कहां यू टर्न लेना है इसे समझना तो मुश्किल है ही, साथ ही उसके लिए अब यह समझना भी मुश्किल हो रहा है किस समय पुरानी व्यवस्था के अनुरूप चलना है और किस समय नई व्यवस्था के तहत चलना है। क्योंकि इन व्यवस्थाओं को घड़ी घड़ी बदला जा रहा है। यातायात व्यवस्था बदले जाने की जानकारी न मिलने के कारण लोग उल्टी सीधी तरह से चल रहे हैं, जिससे कि टकराव व तकरार की स्थिति भी पैदा हो रही है। इस नये वनवे ट्रैफिक प्लान को पुलिस द्वारा पहले एक दिन ट्रायल किया गया था।
रविवार को अवकाश का दिन होने के बावजूद भी इस ट्रायल में भारी दिक्कतें पेश आयी। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के कारण इसे कल दोपहर तक लागू नहीं किया गया और यातायात पुरानी व्यवस्था पर ही संचालित किया गया। कल दोपहर बाद इसे फिर से लागू कर दिया गया। समझा जा रहा था कि अब सोमवार तक नया प्लान ही लागू रहेगा लेकिन रात दस बजे फिर से पुरानी व्यवस्था लागू हो गयी। जिसकी कोई जानकारी आम आदमी को नहीं थी। खास बात यह रही कि नई व्यवस्था के संकेतक बोर्ड जो सड़कों पर लगाये गये हैं वह यथावत ही थे। पहले ही पुलिस के इन प्रयोगों से लोग इतने तंग हो चुके हैं।

### चोरी के मामले में कनखल एसओ लाइन हाजिर

**संवाददाता** हरिद्वार। अमेजॉन के गोदाम से 12 लाख रुपए की नकदी और सामान चोरी होने पर एसओ कनखल को लाइन हाजिर किया गया है। जानकारी के मुताबिक कनखल क्षेत्र के जगजीतपुर में अमेजॉन कंपनी का गोदाम है। बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर गोदाम से करीब 12 लाख रुपए कैश और सामान चोरी कर लिया। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से एसओ कनखल हरिओम चौहान को लाइन हाजिर कर दिया। उनकी जगह ज्वालापुर कोतवाली के एसएसआई विकास भारद्वाज को कनखल थानाध्यक्ष बनाया गया है।